एक नजर में

ग्वालियर संभाग में 'शक्ति वाहिनी जन संपर्क अभियान' शुरू
महिला सशक्तिकरण की ओर डाक विभाग के बढ़े कदम

ग्वालियर। महिला और बालिकाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के उद्देश्य से डाक विभाग द्वारा एक अनूठी पहल की शुरुआत की गई है। मुख्य पोस्टमास्टर जनरल (मध्यप्रदेश परिमंडल, भोपाल) के निर्देशन में पूरे प्रदेश सहित ग्वालियर संभाग में 'शक्ति वाहिनी जन संपर्क अभियान' का शंखनाद किया गया है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में इसे विभाग का एक बड़ा और मजबूत कदम माना जा रहा है। इस अभियान के तहत ग्वालियर एवं दतिया जिले की समस्त ग्राम पंचायतों को कवर किया जाएगा, जिससे ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों की महिलाओं को सीधे तौर पर लाभ मिल सके। अभियान के अंतर्गत डाक विभाग की टीम ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जाकर महिलाओं और बालिकाओं को वित्तीय रूप से जागरूक करेगी। उन्हें डाकघर की लोकप्रिय योजनाओं जैसे बचत खाते, आरडी (आवर्ती जमा), सुकन्या समृद्धि खाता, पीपीएफ (पब्लिक प्रोविडेंट फंड), सावधि जमा (एफडी), एमआईएस (मासिक आय योजना), सीनियर सिटीजन सेविंग्स स्कीम और डाकघर जीवन बीमा सेवाओं से जोड़ा जाएगा, ताकि वे अपनी बचत को सुरक्षित और मजबूत कर सकें। इस अभियान की सबसे बड़ी खासियत यह है कि दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में 'महिला स्व-सहायता समूहों' द्वारा तैयार किए जाने वाले स्थानीय उत्पादों को डाक विभाग के पार्सल नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। इसके माध्यम से महिलाएं अपने सामान को देश ही नहीं, बल्कि विदेशों तक आसानी से भेज सकेंगी, जिससे उनके कुटीर उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा और वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनेंगी। डाक विभाग के अधिकारियों ने ग्वालियर और दतिया जिले के सभी नागरिकों व विशेषकर महिलाओं से अपील की है कि वे इस 'शक्ति वाहिनी जन संपर्क अभियान' में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और डाकघर की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ बनाएं।

प्लॉट विवाद में दिनदहाड़े फायरिंग, युवक को पीटा

ग्वालियर। शहर में प्लॉट विवाद पर एक प्रॉपर्टी कारोबारी की कार व बाइक से आए हमलावरों ने बेरहमी से मारपीट कर फायरिंग कर दी है। घटना थाटीपुर थाना क्षेत्र के पीएमटी चौराहे पर शनिवार सुबह की है। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया। थाटीपुर थाना क्षेत्र के दुल्लपुर निवासी रामवीर गुर्जर प्रॉपर्टी कारोबारी है। शनिवार की सुबह रामवीर पीएमटी चौराहे के पास सड़क किनारे खड़ा था, तभी बाइक व कार से आए बदमाशों ने उस पर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। जब उन्हें बचाने के लिए वहां से गुजर रहे लोग आए तो आरोपियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। जिसमें रामवीर के शरीर में छर्रे लगे हैं। वहीं सिर में गंभीर चोट आने से उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। वारदात के बाद आरोपी वहां से भाग निकले। मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल प्रॉपर्टी कारोबारी को परिजनों की मदद से उपचार के लिए मुरार अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उनकी हालत ज्यादा नाजुक होने पर फूलबाग स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

होटल में छात्रा से दुष्कर्म, गर्भवती होने पर शादी से मुकरा

ग्वालियर। शहर के पड़ाव थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक प्रतिष्ठित होटल में पीएचडी की तैयारी कर रही एक छात्रा के साथ नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। वारदात को अंजाम देने का आरोप दिल्ली के एक क्लब से खेलने वाले क्रिकेट खिलाड़ी पर लगा है। आरोपी ने न केवल पीड़िता का वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल किया, बल्कि शादी का झांसा देकर लगातार उसका शोषण भी किया। जब छात्रा गर्भवती हो गई, तो आरोपी अपने वादे से मुकर गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। मूल रूप से दतिया की रहने वाली पीड़िता ग्वालियर के लश्कर (हेमसिंह की परेड) इलाके में किराए का कमरा लेकर पीएचडी की तैयारी कर रही है। पड़ाव थाने में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, कुछ समय पहले उसकी मुलाकात अपनी सहेली के भाई योगेश रावत से हुई थी। योगेश एक क्रिकेट खिलाड़ी है और दिल्ली के क्लब से खेलता है। बातचीत के दौरान योगेश ने छात्रा के सामने शादी का प्रस्ताव रखा, जिस पर छात्रा ने उसे अपने परिजनों से बात करने को कहा था।

अनन्या ने बढ़ाया शहर का मान, सीबीएसई 12वीं ह्यूमैनिटीज में हासिल किए 91 फीसदी अंक

ग्वालियर। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित किए गए 12वीं के परीक्षा परिणामों में शहर की होनहार बेटियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इसी कड़ी में शहर के प्रतिष्ठित कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल की छात्रा अनन्या उपाध्याय ने ह्यूमैनिटीज (कला वर्ग) स्ट्रीम में 91 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी संस्था और परिवार का नाम रोशन किया है। मूल रूप से शिव विहार कॉलोनी निवासी रवि उपाध्याय और श्रीमती गीता उपाध्याय की सुपुत्री अनन्या शुरू से ही मेधावी छात्रा रही हैं। अपनी इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता के अटूट विश्वास, शिक्षकों के सही मार्गदर्शन और अपनी नियमित पढ़ाई को दिया है। अनन्या ने बताया कि ह्यूमैनिटीज विषय में रटने के बजाय कॉन्सेप्ट को समझना बेहद जरूरी है, और उन्होंने पूरे साल टाइम-टेबल बनाकर अपनी तैयारी को धार दी। इन्होंने कहा : अनन्या ने हमेशा अपनी पढ़ाई को लेकर गंभीरता दिखाई है। उसने बिना किसी मानसिक दबाव के शांत रहकर तैयारी की और आज उसकी मेहनत रंग लाई है। हमें अपनी बेटी की इस उपलब्धि पर अत्यंत गर्व है-रवि उपाध्याय एवं गीता उपाध्याय (गौरवान्वित माता-पिता)

महाकाल सेवा समिति ने किया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

ग्वालियर। बाबा महाकाल की अध्यक्षता में आज जय शिव महाकाल सेवा समिति के तत्वावधान में स्टोन पार्क, मोतीझील वार्ड नंबर 5 में छठवें नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्रीय नागरिकों ने बडी संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच सेवाओं का लाभ प्राप्त किया।

हवाई अड्डे पर विमान यात्रियों की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 16 मई. राजमाता विजयाराजे सिंधिया हवाई अड्डे (महाराजपुरा) पर विमान यात्रियों की संख्या में लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है। शनिवार,

एक ही दिन में 956 यात्रियों ने किया सफर

16 मई को हवाई अड्डे से यात्रा करने वाले कुल (आने और जाने वाले) यात्रियों का आंकड़ा 950 के पार पहुंच गया। नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, आज दिनभर में विभिन्न शहरों से कुल 956 यात्रियों का आवागमन दर्ज किया गया। यात्रियों के इस बढ़ते ग्राफ को देखते हुए यह साफ है कि ग्वालियर से दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे महानगरों के लिए हवाई सफर लोगों की पहली पसंद बनता जा रहा है।

बेंगलुरु, दिल्ली और मुंबई के लिए हुआ उड़ानों का संचालन आज शनिवार को ग्वालियर हवाई अड्डे पर कुल 6 विमानों की आवाजाही (3 अराइवल और 3 डिपार्चर) हुई। अलग-अलग रूट (सेक्टर) पर यात्रियों की संख्या की विस्तृत जानकारी बेंगलुरु (एअर इंडिया एक्सप्रेस): इस फ्लाइट की कुल क्षमता 162 सीटों की है, जिसमें आज बेंगलुरु से ग्वालियर 137 यात्री आए, जबकि ग्वालियर से बेंगलुरु के लिए 147 यात्रियों ने उड़ान भरी।

दिल्ली (इंडिगो): 186 सीटों की क्षमता वाले इस विमान से आज दिल्ली से 173 यात्री ग्वालियर पहुंचे और ग्वालियर से 157 यात्री दिल्ली के लिए रवाना हुए।

मुंबई (इंडिगो): मुंबई रूट पर आज सबसे ज्यादा भीड़ देखने को मिली। 186 सीटों की क्षमता वाली इस फ्लाइट में मुंबई से रिकॉर्ड 184 यात्री ग्वालियर आए, जबकि वापसी में 158 यात्री मुंबई के लिए रवाना हुए।

मितेंद्र को मिली बड़ी जिम्मेदारी



नवभारत न्यूज

ग्वालियर 16 मई. भारतीय युवा कांग्रेस ने आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 को ध्यान में रखते हुए संगठन में बड़े

बनाए गए युवा कांग्रेस के उत्तर प्रदेश प्रभारी

फेरबदल की शुरुआत कर दी है। इसी कड़ी में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और प्रखर युवा नेता मितेंद्र दर्शन सिंह यादव को एक और बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। असम में संगठन की कमान संभालने के बाद अब उन्हें उत्तर प्रदेश का प्रभारी नियुक्त किया गया है। राजनीतिक गलियारों और संगठनात्मक हलकों में इस नियुक्ति को बेहद अहम माना जा रहा है। माना जा रहा है कि यूपी चुनाव से पहले जमीनी स्तर पर युवाओं को जोड़ने और संगठन में नई ऊर्जा फूंकने के उद्देश्य से शीर्ष नेतृत्व ने मितेंद्र के अनुभव पर भरोसा जताया है।

संगठनात्मक कौशल का रहा है पुराना ट्रैक रिकॉर्ड

मितेंद्र दर्शन सिंह यादव इससे पहले भी देश के पांच अलग-अलग राज्यों में प्रभारी के रूप में अपनी संगठनात्मक क्षमता और बेहतरीन नेतृत्व कौशल का लोहा मनवा चुके हैं। युवा कांग्रेस को मजबूत करने, नए चेहरों को जोड़ने और बूथ स्तर तक संगठन का विस्तार करने में उनकी भूमिका हमेशा अग्रिम रही है। 2027 चुनाव पर नजर उनकी इस नियुक्ति से उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। स्थानीय नेताओं का मानना है कि मितेंद्र यादव के आने से प्रदेश में कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बेहतर होगा और संगठन को एक नई मजबूती मिलेगी। उनकी नियुक्ति पर संगठन के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है और उम्मीद जताई है कि आगामी विधानसभा चुनाव में युवा कांग्रेस प्रदेश में एक निर्णायक भूमिका निभाएगी।

समर कैंप में बच्चों को मिल रही हुनर और रोमांच की नई उड़ान

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 16 मई. शोभा शिक्षा समाज कल्याण एवं पर्यावरण समिति द्वारा जीवाजी क्लब में 'खुशियों की उड़ान' नाम से समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। 1 मई से 31 मई तक चलने वाले इस विशेष समर कैंप में 4 वर्ष से लेकर 16 वर्ष तक के बच्चे हिस्सा ले रहे हैं। प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 11 बजे तक संचालित होने वाले इस कैंप में वर्तमान में लगभग 200 बच्चे नियमित रूप से शामिल होकर विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण ले रहे हैं। समिति द्वारा लगातार चौथे वर्ष इस समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है और इस बार इसे 'सीजन-4' के रूप में आयोजित किया जा रहा है। कैंप की आयोजक डॉ. पूजा सिंह हैं, जिनके निर्देशन में बच्चों को मनोरंजन के साथ-साथ शारीरिक, मानसिक एवं रचनात्मक विकास से जुड़ी गतिविधियां कराई जा रही हैं। समर कैंप में बच्चों को लगभग 15 प्रकार की एक्टिविटी कराई जा रही हैं, जिनमें योगा, डांस, स्केटिंग, राइफल शूटिंग, स्विमिंग सहित कई खेल एवं प्रशिक्षण गतिविधियां शामिल हैं। इसके अलावा प्रत्येक सप्ताह गुरुवार एवं रविवार को विशेष एडवेंचर एक्टिविटी आयोजित की जाती हैं। इनमें रॉक क्लाइंबिंग, टार्जन स्विंग, हॉर्स राइडिंग और अन्य रोमांचक गतिविधियां बच्चों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। कैंप के दौरान बच्चों को प्रतिदिन समिति द्वारा ब्रेकफास्ट भी उपलब्ध कराया जाता है। आयोजकों का कहना है कि सभी गतिविधियां प्रशिक्षित कोचों की निगरानी में कराई जाती हैं, जिससे बच्चों को सुरक्षित एवं बेहतर प्रशिक्षण मिल सके। महीने में एक बार आयोजित होने वाली डीजे नाइट भी बच्चों के लिए खास आकर्षण रहती है, जहां बच्चे मनोरंजन के साथ जमकर आनंद लेते हैं।

समर कैंप की आयोजक डॉ. पूजा सिंह ने बताया कि वह अपनी सास से प्रेरित होकर समाज के बच्चों के लिए कुछ सकारात्मक और उपयोगी करना चाहती थीं। इसी उद्देश्य के साथ उन्होंने चार वर्ष पूर्व इस समर कैंप की शुरुआत की थी, जो अब लगातार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 'खुशियों की उड़ान' केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं है, बल्कि यह बच्चों के सर्वांगीण विकास का मंच है। यहां बच्चों को शारीरिक रूप से फिट बनाने के साथ-साथ मानसिक रूप से मजबूत बनाने पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। डॉ. पूजा सिंह ने कहा कि आज के समय में मोबाइल और टीवी से दूर बच्चों को खेल, योग, एडवेंचर और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना बेहद जरूरी है। इसी सोच के साथ यह समर कैंप आयोजित किया जा रहा है, जहां बच्चे सीखने के साथ-साथ खूब आनंद भी ले रहे हैं।

बच्चों ने साझा किए अपने अनुभव

समर कैंप में आए हुए मुझे लगभग 15 दिन हो चुके हैं और यहां हर दिन कुछ नया सीखने को मिल रहा है। कैंप की एडवेंचर एक्टिविटी मुझे सबसे ज्यादा पसंद आती हैं। समर कैम्प में सुबह 6 बजे से शुरू होने वालीं स्विमिंग, स्केटिंग, डांसिंग, योगा कराटे आदि एक्टिविटी मेरे लिए बेहद खास रहती है।

- अर्शान रहमान

मैं पिछले दो वर्षों से इस समर कैंप का हिस्सा बन रही हूँ. मुझे इस कैंप में स्केटिंग, शूटिंग, डांस, योगा और स्विमिंग जैसी एक्टिविटी सीखने को मिल रही हैं। मुझे विशेष रूप से स्विमिंग बेहद पसंद है और यहां प्रशिक्षित कोचों से सीखकर मेरी परफॉर्मेंस में काफी सुधार आया है। सभी टीचर्स अच्छे से सीख रहे हैं और अच्छे से बात भी करते हैं।

- वृद्धि अग्रवाल

मैं पिछले तीन वर्षों से इस समर कैंप से जुड़ा हुआ हूँ। राइफल शूटिंग में मेरी विशेष रुचि है और कैंप के माध्यम से मैं सही तरीके से निशाना लगाना सीखा है। यहां सभी कोच मुझे और मेरे साथ अन्य को भी बेहद अच्छे तरीके से ट्रेनिंग देते हैं, जिससे हर एक्टिविटी सीखना आसान हो जाता है।

- वैभव शर्मा

स्कूल की छुट्टियां शुरू होते ही मैंने इस समर कैंप को ज्वाइन किया है। कैंप में आए हुए मुझे 16 दिन हो चुके हैं और इस दौरान उनकी स्विमिंग और शूटिंग में काफी सुधार देखने को मिला है। हर दिन कुछ नया सीखने को मिलता है। उन्होंने बताया कि एडवेंचर एक्टिविटी में हिस्सा लेने के बाद मेरा डर भी कम हुआ है।

- गर्व गवरा

2 मई को समर कैंप ज्वाइन किया था और तब से वह रोज उत्साह के साथ कैंप में आ रही हैं। उन्होंने कहा कि यहां योगा, डांस, स्केटिंग, स्विमिंग और राइफल शूटिंग जैसी कई रोचक गतिविधियां सीखने को मिल रही हैं। शुभि ने बताया कि उन्हें एडवेंचर एक्टिविटी सबसे ज्यादा पसंद हैं, क्योंकि उनमें नई चुनौतियों का सामना करने का मौका मिलता है।

- शुभि शर्मा

माहेश्वरी धर्मशाला में लगा शिविर

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 16 मई. बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए विद्युत विभाग द्वारा सराफा बाजार स्थित चावड़ी जोन, सराफा फीडर में माहेश्वरी धर्मशाला में एक विशेष 'उपभोक्ता समस्या समाधान शिविर' का आयोजन किया गया। जिसे संपर्क अभियान नाम दिया गया। उपभोक्ता हित हमारी प्राथमिकता के ध्येय वाक्य के साथ आयोजित इस शिविर में विभाग के अनुभवी अधिकारियों की टीम मौजूद रही। उनके द्वारा उपभोक्ताओं की शिकायतों को सुनकर उनका मौके पर ही समाधान किया गया। यह शिविर प्रदेश स्तर पर आयोजित किया जा रहा है।

बिजली संबंधी शिकायतों का हुआ मौके पर निपटारा

इन समस्याओं का हुआ समाधान- शिविर में बिजली से संबंधित विभिन्न प्रकार की समस्याओं के लिए अलग-अलग डेस्क बनाए गए, जिनमें मुख्य रूप से बिल संबंधी समस्याएं: अधिक बिल आना या बिल में सुधार संबंधी कार्य, मीटर संबंधी शिकायतें: खराब मीटर बदलना या मीटर रीडिंग से जुड़ी समस्याएं, बिजली कटौती/लो वोल्टेज: क्षेत्र में बार-बार होने वाली कटौती या लो वोल्टेज की समस्या, नया कनेक्शन/लोड बढ़ाना: नए बिजली कनेक्शन के आवेदन या मौजूदा लोड को बढ़ाने संबंधी प्रक्रिया, अन्य शिकायतें: बिजली विभाग से जुड़ी अन्य किसी भी प्रकार की तकनीकी या प्रशासनिक शिकायतों का निराकरण किया गया

पारदर्शी प्रक्रिया और त्वरित समाधान- विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य उपभोक्ताओं को दफ्तरों के चक्कर लगाने से बचाना और एक ही छत के नीचे पारदर्शी तरीके से बेहतर सेवाएँ प्रदान करना है।

यह कर्मचारी रहे मौजूद -

इस मौके पर एई एस.के. मिश्रा, उपेन्द्र शर्मा, रामवीर शर्मा, केके अग्रवाल, समद अली, एमके भदकारिया, आदित्य शर्मा, भवानी सिंह, संजय ठाकुर आदि अधिकारी एवं कर्मचारियों ने मौजूद रहकर आने वाले उपभोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण किया।

वार्ड क्रमांक 18, 21, 23, 27, 28 एवं 60 की टीमों के बीच हुआ मैच

ग्वालियर। जन उत्थान न्यास के तत्वाधान में हो रहे विधायक प्रीमियर लीग 2026 रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के आज 6 मैच एम.एल.बी कॉलेज के खेल मैदान में सायं 4 बजे से आयोजित किये गये। पहला मैच सायं 4 बजे वार्ड क्रमांक 23 की टीम 23/बी एवं टीम 23/एफ के मध्य खेला गया। इसी क्रमशः में दूसरा मैच सायं 5 बजे वार्ड 18 की टीम 18/ए एवं टीम 18/जी के मध्य, तीसरा मैच सायं 6 बजे वार्ड 60 की टीम 60/जी एवं टीम 60/एम के मध्य, चौथा मैच सायं 7 बजे वार्ड 21 की टीम 21/बी एवं टीम 21/एफ के मध्य, पांचवा मैच सायं 8 से वार्ड 28 की टीम 28/ई एवं टीम 28/एफ के मध्य एवं अंतिम छठवां मैच वार्ड 27 की टीम 27/सी एवं टीम 27/एफ के मध्य खेला गया। टूर्नामेंट के अंत में रोजाना न्यासी आदित्य सिकरवार द्वारा दर्शकों के लिये लक्की ड्रा खोला जाता है, 30 दर्शकों को आर्कषक उपहार दिये जा रहे हैं। मैच की शुरूआत में टूर्नामेंट के आयोजक, न्यास के अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने अतिथियों के साथ टीमों से परिचय किया और टीमों को शुभकामनाएं दी। विभिन्न मैचों में अतिथियों के रूप में महेश मुदगल, द्वारिकाधीश मंदिर न्यास के अध्यक्ष पारस जैन, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पूर्व उपाध्यक्ष बसंत अग्रवाल, एम.आई.सी सदस्य एवं पार्षद अवधेश कौरव, पार्षद केदार बरहादिया एवं पार्षद सुरेन्द्र साहू मौजूद रहे।

आज शाम एम.एल.बी मैदान पर पहला मैच वार्ड क्रमांक 23 की टीम 23/बी एवं टीम 23/एफ के मध्य खेला गया।

आम सूचना

श्री अशोक कुशवाह पुत्र श्री प्रीतम सिंह कुशवाह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड स्थित शिव नगर कॉलोनी, ग्राम शंकर, तहसील व जिला ग्वालियर (म.प्र.) है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र. 05 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र. 1003/9मिन-1 ग्राम शंकर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 690 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में सम्पत्ति अशोक कुशवाह, पश्चिम में रास्ता, उत्तर में भूखण्ड आरती शर्मा एवं दक्षिण में भूमि विक्रेता है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री राकेश कुमार राय पुत्र श्री गौरीशंकर राय द्वारा श्री राजकुमार पुत्र श्री बुद्धनलाल को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.997 दिनांक 26.09.2001 से विक्रय की गई। श्री राजकुमार द्वारा सम्पत्ति 4872 वर्गफुट एरिया श्रीमती कोमल तलरेजा पत्नी श्री दयानंद जलरेजा, डॉ.बी.के. शर्मा पुत्र स्व. श्री रामबाबू शर्मा को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.1170 दिनांक 08.09.2014 से विक्रय की गई। श्रीमती कोमल तलरेजा द्वारा सम्पत्ति 340 वर्गफुट एरिया श्री अशोक कुशवाह पुत्र श्री प्रीतम सिंह कुशवाह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी 142602018ए1501637 दिनांक 13.07.2018 से विक्रय की गई। श्री चंदन सिंह, श्री राम सिंह, श्री दुर्गाप्रसाद एवं श्री बहादुर सिंह पुत्रगण श्री सावधान सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति श्रीमती शकुन्तला राय पत्नी श्री गौरीशंकर राय को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.1404 दिनांक 20.10.1997 से विक्रय की गई। श्रीमती शकुन्तला राय द्वारा अपने भाग की सम्पत्ति के संबंध में श्री गौरीशंकर राय पुत्र स्व. श्री राजाराम राय के हित में ई-रजिस्टर्ड वसीयतनामा विलेख क्र. एमपी 142602020ए32770069 दिनांक 09.06.2020 को सम्पादित किया गया। श्रीमती शकुन्तला राय का स्वर्गवास दिनांक 17.09.2020 को हो जाने के उपरांत, वसीयतनामा विलेख दिनांक 09.06.2020 के अनुसार, श्री गौरीशंकर राय, श्री राकेश, श्री देवेन्द्र पुत्रगण श्री गौरीशंकर राय, सावित्री, जयसेवाल, मीना शिवहरे, अंजना राय पुत्रियां स्व. श्री गौरीशंकर राय उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये एवं भू-राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्री गौरीशंकर राय द्वारा श्री कोमल किशोर शर्मा पुत्र श्री रामेश्वरदयाल शर्मा की सहमति से सम्पत्ति 350 वर्गफुट एरिया श्री अशोक कुशवाह पुत्र श्री प्रीतम सिंह कुशवाह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 142602021ए1211787 दिनांक 01.03.2021 से विक्रय की गई। श्री अशोक कुशवाह द्वारा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्रीमती नीतू शर्मा पत्नी श्री नागेश नारायण शर्मा के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्रीमती नीतू शर्मा द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार आवास फायनेंसियर्स लिमिटेड वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को एवं श्रीमती शकुन्तला राय के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. भवन क्र.52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास
सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710

राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर निकली रैली

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 16 मई. शहर में डेंगू और चिकनगुनिया जैसी घातक बीमारियों से बचाव और आमजन को जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर शनिवार

स्वास्थ्य विभाग ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को किया रवाना

को जिला मुख्यालय पर विशाल जागरूकता रैली और कार्यशाला का आयोजन किया गया। साथ ही, शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता फैलाने के लिए 'डेंगू रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह पूरा अभियान कलेक्टर रुचिका सिंह चौहान के निर्देशन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सचिन श्रीवास्तव तथा जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. विनोद कुमार दोनेरिया के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है। जिला मुख्यालय पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. विनोद कुमार दोनेरिया, नगर निगम के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव, जिला मलेरिया सलाहकार राजेश वर्मा सहित मलेरिया विभाग के समस्त कर्मचारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इनका कहना है

जिले के नागरिकों से अपील है कि किसी भी तरह का बुखार होने पर इसे सामान्य समझकर नजरअंदाज न करें। तत्काल नजदीकी शासकीय अस्पताल में जाकर खून की जांच कराएं।

डॉ. सचिन श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, ग्वालियर

-यदि शासकीय अस्पताल में जांच के दौरान किसी मरीज में डेंगू की पुष्टि होती है, तो उसे घबराने की जरूरत नहीं है। सरकार द्वारा अस्पताल में इलाज की पूरी व्यवस्था की गई है और मरीज को पूरी तरह नि:शुल्क उपचार प्रदान किया जाएगा।

डॉ. विनोद कुमार दोनेरिया, जिला मलेरिया अधिकारी, ग्वालियर

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्र 19 वार्ड क्रं 50,भवन क्रं 468, स्थान कम्पू रोड लश्कर ग्वा0 मे स्थित है जो कि जो कि अशोक कुमार यादव,राजेश,शशी कुमार यादव/स्व धन्नालाल यादव नाम से नगर निगम मे आई डी क्रं 1000324155 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 317 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं एमपी21आईजीआर17402025ए1010533 97 दिनांक 20.11.2025 द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र महाराज बाडा औषधालय क्षे.क्र 19, पर दिनांक 15.05.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 82/2011/25450/25535 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-
श्रीमती मीना/मुकेश वलेचा
पता-कम्पू रोड लश्कर ग्वा0(म.प्र.)
विज्ञप्ति जारी दिनांक-16.05.2026

आम-सूचना

श्री ऐदल सिंह एवं श्री रामू सिंह पुत्रगण श्री गंगा राम के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित ग्राम पमाया, तहसील बामौर व जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पालिका बामौर वार्ड क्र.13 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.200/1/1/1 ग्राम पमाया का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1498.5 वर्गफीट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में भूखण्ड दीगर, पश्चिम में-रास्ता 20 फुट चौड़ा, उत्तर में भूमि दीगर एवं दक्षिण में भवन संजय जाटव है। उक्त सम्पत्ति पूर्व में श्री भीकम सिंह पुत्र श्री श्रीलाल एवं श्री भोगीराम पुत्र श्री लखाराम के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री भीकम सिंह का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्रीमती रामदुलारी पत्नी श्री भीकम सिंह यादव, श्री नेतराम, श्री राजेश एवं श्री जण्डेल सिंह पुत्रगण श्री भीकम एवं श्रीमती गीता पुत्रीश्री भीकम पत्नी श्री रामवरन उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये एवं भू-राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्रीमती रामदुलारी, श्री नेतराम, श्री राजेश, श्री जण्डेल सिंह एवं श्रीमती गीता द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री ऐदल सिंह एवं श्री रामू सिंह पुत्रगण पुत्रगण श्री गंगा राम को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 21 आईजीआर 17912026ए100076717 दिनांक 21.01.2026 से विक्रय की गई। श्री ऐदल सिंह एवं श्री रामू सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार टूहोम (Truhome) फायनेंस लि. वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को एवं श्री भीकम सिंह के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार का हित-निहित होने अथवा किसी प्रकार की आपत्ति होने पर मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि समाप्त होने उपरांत वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के विरुद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. - भवन क्र.52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास, सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710

आम सूचना

श्री दिनेश नारायण सक्सैना पुत्र श्री इंद्र नारायण सक्सैना के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भवन क्र.6/470 स्थित मौहल्ला रसूलाबाद, नगर ग्वालियर, तहसील एवं जिला ग्वालियर (म.प्र.) में है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र.12 में स्थित है एवं जिसका क्षेत्रफल 1200 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है : - पूर्व में भवन गयाप्रसाद, पश्चिम में भवन सक्सैना, उत्तर में रास्ता एवं दक्षिण में भवन श्री लक्ष्मण कुशवाह है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री भागवत स्वरूप शर्मा एवं श्री विशम्भर दयाल शर्मा पुत्रगण श्री कृपा शंकर शर्मा द्वारा श्री आनंद नारायण एवं श्री दिनेश नारायण पुत्रगण श्री इंद्र नारायण जी को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.4966 दिनांक 15.10.1976 से विक्रय की गई। श्री दिनेश नारायण सक्सैना द्वारा अपने भाग की सम्पत्ति के संबंध में श्री संजय सक्सैना पुत्र श्री दिनेश नारायण सक्सैना के हित में ई-रजिस्टर्ड मुख्त्यारआम विलेख क्र. एमपी059712023 ए42026102 दिनांक 21.06.2023 को सम्पादित किया गया। श्री दिनेश नारायण सक्सैना जर्ये मुख्त्यारआम श्री संजय सक्सैना द्वारा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्री भारत आर्य एवं श्री राजकुमार आर्य पुत्रगण श्री गयाप्रसाद के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्री भारत आर्य एवं श्री राजकुमार आर्य द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार आदित्य बिड़ला हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सम्पत्ति के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. भवन क्र.52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास
सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)